जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी **क्रमांक 35**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी **दिनांक 27.02.2024**

जनेकृविवि और आईएआरआई के बीच संकर बीज उत्पादन हेतु हुआ एमओयू

विश्वविद्यालय की उपलब्धि का नया आयाम

जबलपुर 27 फरवरी, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से किसानों के हितार्थ, विश्वविद्यालय में लगातार सब्जी फसलों के हाइब्रिड बीज एवं उसके उत्पादन को लेकर पहल एवं अनुसंधान किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में सब्जी फसलों के हाइब्रिड बीज उत्पादन पर नई स्वीकृत मंडी बोर्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत जनेकृविवि और आईएआरआई के बीच समझौता किया गया। दरअसल हाइब्रिड बीज उत्पादन हेतु सब्जी पैतृक वंशावली के बीज एवं अनुभव साझा करने के लिए जनेकृविवि और आईएआरआई के बीच समझौता हुआ है। लिहाजा इस एमओयू से मध्य प्रदेश में संकर बीज उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को लौकी, खरबूजा बैंगन आदि सब्जियों की गुणवत्ता वाले संकर बीज मिल सकेंगे। एफपीओ भी इस परियोजना में शामिल हैं जो संकर सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने एवं प्रचार–प्रसार में मदद करेंगे।

उक्त महत्वपूर्ण एमओयू अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश तिवारी,परियोजना प्रभारी, श्री हिमांशु वर्मा वाईपी, आईएआरआई के संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. सी. विश्वनाथन, विभाग प्रमुख, सब्जी विज्ञान डॉ. बी.एस. तोमर, प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार सहित वैज्ञानिक एवं आईएआरआई के अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ।